समग्र शिक्षा
Samagra Shiksh

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

मुख्य भवन ब्लॉक–5

उपायुक्त (प्रशिक्षण एवं क्वालिटी) कार्यालय–मुख्य भवन ब्लॉक–6, प्रथम तल,
डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर

फोन –0141–2706069 rajssaquality@gmail.com

क्रमांक :प.6/रास्कूशिप/जय/ गुणवत्ता प्रकोष्ठ /2025–26/21वीं सदी के कौशल /दिनांक : / /2025
15650065 Dt- 3/6/2025

## 21वीं सदी के कौशल (21st Century Skills)
## दिशा-निर्देश सत्र 2025.26

### सार संक्षेपः

यह दिशा- निर्देश कक्षा 6 से 12 में अध्ययनरत 639 राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक पी.एम.श्री विद्यालयों के विद्यार्थियों को 21 वीं सदी के कौशलों से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के लिए संचालित "21 वीं सदी के कौशल" कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जारी किए जा रहे हैं।

इन दिशा-निर्देशों में प्रत्येक स्तर पर प्रस्तावित गतिविधियों का संदर्भ, संचालन प्रक्रिया, उपयोगी सामग्री, अधिकारियों की भूमिका, उपलब्ध बजट तथा मॉनिटरिंग और दस्तावेजीकरण के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है।

### संदर्भ

पी एम श्री विद्यालयों के संचालन का मुख्य उदेश्य स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता व सकारात्मक परिणामो हेतु विभिन्न आयामों को नए कार्यक्रमों व गतिविधियों के माध्यम से सशक्त किया जाना है, जहाँ प्रत्येक विद्यार्थी का समग्र विकास हो सके | पी.एम. श्री विद्यालयों में विद्यार्थियों को इस तरह से सशक्त किया जाना है जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा परिकल्पित एक समतामूलक, समावेशी और बहुलतावादी समाज के निर्माण के लिए योगदान देने वाले नागरिक बन सकें।

यह कार्यक्रम सीधे उन बुनियादी क्षमताओं पर काम करने के अवसर देता है जिनकी विद्यार्थियों को व्यक्तिगत विकास, भविष्य की रोज़गार क्षमता बढ़ाने और विचारशील नागरिक बनने के लिए ज़रूरत है।

इसके अलावा, यह कार्यक्रम NEP 2020 लक्ष्यों, समग्र शिक्षा अभियान की प्राथमिकताओं को प्राप्त करने के लिए स्कूल की सीखने सिखाने की प्रक्रिया को मजबूत करता है।

Signature valid
Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation: State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

## उद्देश्य

"21 वीं सदी के कौशल" कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (पैरा 4.4, 4.6, 4.23), राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2022, राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के जीवन कौशल शिक्षा ढाँचे के अनुरूप तैयार किया गया है।

**"21 वीं सदी के कौशल" कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:**

- **विद्यार्थियों को 21 वीं सदी के महत्वपूर्ण कौशलों, जीवन कौशलों एवं नागरिकता आधारित क्षमताओं में सशक्त बनाना है ।**
- **विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करते हुए उन्हें भविष्य की सामाजिक, भावनात्मक एवं व्यावसायिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना।**
- **समावेशी, सुरक्षित एवं भविष्य उन्मुख शिक्षण वातावरण का निर्माण करना, जिससे मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से विद्यार्थियों का सशक्तिकरण हो।**
- **विभिन्न सामाजिकए सांस्कृतिक और शैक्षणिक परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से सहयोग करना और टीम में कार्य करने की दक्षता विकसित करना।**
- **कल्पनाशक्ति और नवाचारी सोच के माध्यम से नए विचार उत्पन्न करना और उन्हें व्यावहारिक समाधान में बदलने की क्षमता प्राप्त करना।**
- **राज्य, जिला, ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर गतिविधियों के माध्यम से सीखने के परिणामों में सुधार और विद्यार्थियों में 21 वीं सदी के कौशलो से सशक्त करना ।**

### गतिविधि संचालन का कवरेज एवं गतिविधियों की रूपरेखा

राज्य के समस्त 639 माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6 से 12 के समस्त विद्यार्थी **"21 वीं सदी के कौशल कार्यक्रम"** का हिस्सा होंगे। **21 वीं सदी के कौशल कार्यक्रम** अंतर्गत हम विद्यालय स्तर पर निम्नलिखित 14 थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा | विद्यालय स्तर पर गतिविधियाँ समग्र शिक्षा के अंतर्गत अनुमोदित प्रबल कार्यक्रम अंतर्गत भी किया जा रहा होगा | ब्लॉक, जिला स्तर पर गतिविधियों का समायोजन पी.एम.श्री विद्यालयों में किया जायेगा | 14 थीम पर की गई गतिविधियों से बनी समझ के आधार पर राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा जिसमे विद्यार्थी अपने चिंतन एवं बनी समझ के आधार पर प्रस्तुतीकरण करेंगे।

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation: State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

| जीवन जीने हेतु कौशल (Skill for Life) | काम/कार्य/रोजगार हेतु कौशल (Skill for Work) | सतत विकास हेतु कौशल (Skill for Sustainable Development) |
|---|---|---|
| 1. स्व-जागरूकता(Self-Awareness)<br>2. सम्प्रेषण(Communication Skills)<br>3. अंतवैयक्तिक संबंध (Empathy)<br>4. टीम वर्क (Team work)<br>5. समालोचनात्मक चिंतन(Critical Thinking/)<br>6. समस्या समाधान(Decision-Making)<br>7. रचनात्मक चिंतन(Creativity)<br>8. जुझारूपन (Resilience/ Coping with Stress)<br>9. नेतृत्व कौशल (Leadership Skills)<br>10. नागरिकता कौशल (Citizenship Skills)<br>11. नैतिक मूल्य (Ethical Values) | 12. वित्तीय साक्षरता (Financial Literacy)<br>13. डिजिटल साक्षरता (Digital Literacy) | 14. जलवाय ु परिवर्तन (Climate Change) |

विद्यालय स्तर पर निम्न गतिविधियां निर्धारित बजट अनुसार आयोजित की जानी है-

विद्यालय स्तर पर हम कक्षा 6 से 8 के साथ जीवन कौशल आधारित गतिविधियों का आयोजन करेंगे | जिसके माध्यम से वह जीवन जीने हेतु अपने महत्वपूर्ण कौशलों पर समझ विकसित कर सकेंगे |कक्षा 9 से 12 के साथ हम जीवन जीने हेतु कौशल (Skill for Life), काम/कार्य/रोजगार हेतु कौशल (Skill for Work), सतत विकास हेतु कौशल (Skill for Sustainable Development) पर गतिविधियों के माध्यम से कार्य करेंगे,जो विद्यार्थियों को 21वीं सदी के कौशलो हेतु सशक्त बन सकेंगे |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

1. **जीवन जीने हेतु कौशल (Skill for Life)**

**कक्षा 6 से 8 हेतु जीवन जीने हेतु कौशल सम्बन्धी गतिविधियाँ -**

| कौशल | उप-कौशल | गतिविधि | गतिविधि विवरण | गतिविधि आयोजन माह | वित्तीय प्रावधान |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्व-जागरूकता (Self-Awareness)** | - | **"मेरा परिचय"** | छात्र अपने गुण, रुचियाँ और लक्ष्य लिखकर साझा करें। **उदाहरण:** एक पोस्टर बनाएँ जिसमें वे अपने पसंदीदा विषय, शौक, और भविष्य के सपने साझा करें। | जुलाई 2025 | 1000 |
| **सम्प्रेषण (Communication Skills)** | - | **"भूमिका निभाना"** | छात्रों को संवाद कौशल सुधारने के लिए नाटक करने दें। **उदाहरण:** "एक दोस्त को समझाना कि पढ़ाई क्यों जरूरी है" पर एक संवाद तैयार करें।<br>या<br>कहानी को बनाने के लिए कई सारे विद्यार्थियों को शामिल किया जाये। कहानी लिखित एवं मौखिक दोनों प्रकार से बनाई जाए। लिखित रूप से इस गतिविधि को करने के लिए खाली कार्डशीट का प्रयोग किया जाएं। जिस प्रकार पहला विद्यार्थी कहानी की तीन.चार लाइनो में शुरूआत करता है और एक.एक करके सभी विद्यार्थी तीन.चार लाइने अपनी ओर से लिखते जाते हैं और अन्तिम विद्यार्थी कहानी को अन्त तक पहुंचा देता है। विद्यार्थियों को पेपरए पेन और कार्डशीट विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये जाए। | जुलाई 2025 | 1000 |
| **अंतवैयक्तिक संबंध (Empathy)** | - | **"भावनाओं की पहचान"** | चित्रों या अभिनय के माध्यम से विभिन्न भावनाओं को समझें। **उदाहरण:** छात्रों को अलग-अलग भावनाओं (जैसे खुशी, दुख, | अगस्त 2025 | - |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | गुस्सा) के चित्र दिखाकर उनसे संबंधित अनुभव साझा करने को कहें। | | |
| **टीम वर्क** (Team Work) | **सहयोग** (collaboration), **उत्पादकता** | **"समूह परियोजना"** | छात्रों को एक टीम में काम करने और सहयोग करने का अनुभव दें। **उदाहरण:** इस गतिविधि में छात्रों को 4-5 के समूहों में बाँटा जाए- और उन्हें एक साझा कार्य पूरा करने के लिए कहा जाए - जैसे कि "एक छोटा नाटक तैयार करना", या "एक वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत करना"। हर समूह को कार्य की योजना बनानी होगी, जिम्मेदारियाँ बाँटनी होंगी, समय का प्रबंधन करना होगा और मिल-जुलकर कार्य को समय पर पूरा करना होगा। कार्य पूरा होने के बाद, प्रत्येक समूह अपने अनुभव साझा करेगा कि उन्होंने कैसे एक-दूसरे के साथ समन्वय किया, क्या चुनौतियाँ आईं, और उन्होंने उनका समाधान किया। यह गतिविधि छात्रों में टीमवर्क, संवाद कौशल, सहयोग, जिम्मेदारी और नेतृत्व जैसी 21 वीं सदी की आवश्यक क्षमताओं को विकसित करेगी। | अगस्त 2025 | 1000 |
| **समालोचनात्मक चिंतन** (Critical Thinking) | **मिडिया लिटरेसी** | **"समाचार विश्लेषण"** | समाचारों की सच्चाई और संदर्भ पर चर्चा करें। **उदाहरण:** "क्या सोशल मीडिया पर दी गई हर जानकारी सही होती है?" इस पर विचार करें। | सितम्बर 2025 | 1000 |
| **समस्या समाधान** (Decision-Making) | | **"समस्या समाधान प्रतियोगिता"** | टीमों में मिलकर समाधान खोजें। **उदाहरण:** "पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के उपाय जैसे इस गतिविधि में छात्रों को एक दैनिक जीवन से जुड़ी समस्या दी जाए जैसे स्कूल में प्लास्टिक कचरा बढ़ रहा है इस गतिविधि मे छात्रों को छोटे-छोटे समूहों में बाँटा जाए | सितम्बर 2025 | 2000 |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | और प्रत्येक समूह को समस्या का विश्लेषण कर उसके संभावित कारणों की पहचान व समाधान को किसी पोस्टर, कार्ड शीट पर लिख इसे प्रतियोगिता के रूप मे करवाया जाए -आवश्यक सामग्री की उपलब्धता विद्यालय द्वारा सुनिश्चित की जाए। | | |
| **रचनात्मक चिंतन** (Creativity) | - | **"कहानी बनाओ"** | छात्र रचनात्मक कहानी लिखें या चित्र बनाकर प्रस्तुत करें। **उदाहरण:** "मैं अपने सपने को कैसे पूरा कर सकती/ सकता हूँ ? इस पर एक कहानी लिखें। | अक्टूबर 2025 | — |
| **जुझारूपन** (Resilience/ Coping with Stress) | - | **"तनाव प्रबन्धन"** | सरल ध्यान और योग अभ्यास सिखाएँ। **उदाहरण:** "5 मिनट की गहरी सांस लेने की तकनीक" का अभ्यास करें। जिससे विद्यार्थी में परीक्षा एवं सामाजिक तनाव को कम करने हेतु प्रयास हो सकेगा | अक्टूबर 2025 | — |
| **नेतृत्व कौशल** (Leadership Skills) | - | **"टीम लीडर बनो"** | छात्रों को नेतृत्व करने और निर्णय लेने का अवसर दें। **उदाहरण:** छात्रों को एक समूह गतिविधि में भाग लेने दें जहाँ वे टीम लीडर की भूमिका निभाएँ। | नवम्बर 2025 | — |
| **नागरिकता कौशल** (Citizenship Skills) | **पहल करना** (Initiative) | **"सामाजिक सेवा परियोजना"** | छात्रों को समाज सेवा गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। **उदाहरण:** स्थानीय समुदाय में सफाई अभियान या वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लें।<br><br>या<br><br>"अपना विद्यालय" शीर्षक के अन्तर्गत विद्यार्थियों के समक्ष विद्यालय को और बेहतर, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए इस प्रकार परिचर्चा करें कि विद्यार्थियों को विद्यालय में पहल करने के अवसर दिखने लगें। इस पर | नवम्बर 2025 | 1000 |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation: State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | विशेष ध्यान रखें कि विद्यार्थी को इसके लिए बाध्य न किया जाये। वें स्वेच्छा से ही विद्यालय के लिए कार्य करें। सत्रांत में विद्यालय के लिए पहल करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाये। विद्यालय "अपना विद्यालय" के अतिरिक्त कोई और परियोजना/ कार्यक्रम भी इसके लिए शुरू कर सकते हैं। | | |
| **नैतिक मूल्य (Ethical Values)** | **सामाजिक कौशल** | **"नैतिक दुविधा चर्चा"** | छात्रों को नैतिक मुद्दों पर चर्चा करने और समाधान सुझाने के लिए प्रेरित करें। **उदाहरण:** "क्या परीक्षा में नकल करना सही है?" इस पर चर्चा करें।<br>या<br>खुशियों का पिटारा गतिविधि में विभिन्न बनावटों की वस्तुओं से भरा एक बॉक्स बनाना शामिल है। बॉक्स जिसे विद्यार्थियों द्वारा स्वयं सजाया जाता है। बॉक्स में विद्यार्थी अपने सहपाठी के प्रति अपनी अच्छी भावनाओं को लिखकर व्यक्त करते है एवं सहपाठी द्वारा बॉक्स से लिखित भावना निकालकर सभी के सामने पढ़ी जाती है। | दिसम्बर 2025 | 1000 |

**कक्षा 6 से 8 की गतिविधियों हेतु सेल्फ एस्टीम एवं बॉडी कॉन्फिडेंस के पात्रो व गतिविधियों या आओ कर के खेले वाली गतिविधियों का इस्तेमाल भी किया जा सकता है |**

### कक्षा 9 से 12 हेतु जीवन जीने हेतु कौशल (Skill for Life)

| कौशल | उप-कौशल | गतिविधि | गतिविधि विवरण | गतिविधि आयोजन माह | वित्तीय प्रावधान |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्व-जागरूकता (Self-Awareness)** | | **"मेरा व्यक्तित्व परीक्षण"** | छात्र आत्मविश्लेषण करें और अपने गुण, रुचियाँ, और कमजोरियों को पहचानें। **उदाहरण:** "मैं कौन हूँ? शीर्षक के | जुलाई 2025 | 1000 |

Signature valid
Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation: State Project Director
Date: 2025.06.03 13:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अन्तर्गत विद्यार्थियों को अपने बारे में 5 सकारात्मक बातें और 2 सुधार योग्य बातें लिखने को दी जाए-फिर उन्हें एक छोटा-सा भाषण तैयार कर मैं कौन हूँ और मैं किस तरह खुद को और बेहतर बना सकता/ सकती हूँ। या "मेरा आदर्श" विषय पर कक्षा मे छात्रों से पूछा जाएगा कि उनका आदर्श व्यक्ति कौन है और क्यों? वे बताएंगे कि वे उस आदर्श व्यक्ति की किन-किन विशेषताओं को अपने जीवन में अपनाना चाहते हैं। वे इस गतिविधि को कार्डशीट या चार्ट पर चित्र के माध्यम से प्रस्तुत कर सकेंगे।<br><br>ये गतिविधि आत्म-स्वीकृति और आत्म-सुधारं, आत्म बोध की भावना को मजबूत करेगी साथ ही व्यक्तिगत मूल्यों के विकास मे सहयोग प्रदान करेगी। | | |
| **सम्प्रेषण (Communication Skills)** | **वैश्विक जागरूकता** | **विश्व को जानो -"एक देश, एक कहानी"** | छात्रों को आत्मविश्वास के साथ बोलने का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करें। **उदाहरण:** इस गतिविधि में छात्रों को दुनिया के विभिन्न देशों के बारे में जानने और उनकी सांस्कृतिक विविधता को समझने का अवसर दिया जाए। छात्रों को समूहों में बाँटा जाए और हर समूह को एक देश सौंपा जाए जैसे जापान, ब्राज़ील, मिस्र या ऑस्ट्रेलिया।<br><br>हर समूह उस देश की संस्कृति, खान-पान, पहनावा, त्यौहार, भाषा, शिक्षा और पर्यावरण से जुड़ी विशेषताओं पर जानकारी एकत्र करे और एक छोटा | जुलाई 2025 | 1000 |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रस्तुतीकरण या पोस्टर तैयार करे। <br><br> इस गतिविधि मे वे बताएंगे कि उस देश की कौन-सी बातें उन्हें प्रेरणादायक लगीं और हमारी संस्कृति से उनकी तुलना करके क्या समानताएँ और भिन्नताएँ मिलीं। | | |
| **अंतवैयक्तिक संबंध (Empathy)** | | **"सहानुभूति पर निबंध लेखन"** | सामाजिक मुद्दों पर विचार व्यक्त करें। **उदाहरण:** "बच्चों की शिक्षा में सहानुभूति का महत्व" पर निबंध लिखें। | अगस्त 2025 | — |
| **टीम वर्क (Team Work)** | **अंतर- सांस्कृतिक क्षमता** <br><br> (Cross-cultural competency ) | **"टीम प्रोजेक्ट"** | छात्रों को समूह में कार्य करने की कला सीखने के लिए प्रेरित करें। **उदाहरण:** इस गतिविधि मे छात्रों को छोटे समूहों में बाँटकर उन्हें विभिन्न देशों या समुदायों की संस्कृति जैसे भोजन, वेशभूषा, रीति-रिवाज, भाषाएँ, और सामाजिक व्यवहार पर शोध करने के लिए कहा जाए। <br><br> हर समूह द्वारा एक सांस्कृतिक कोना (Cultural Corner) तैयार किया जाए , जहाँ वे उस संस्कृति से संबंधित चित्र, परिधान, परंपराएँ, और एक छोटा नाट्य-अंश या बातचीत प्रस्तुत करे इसके साथ ही इसकी तैयारी के लिए उन्हें वित्तीय सहायता दी जाये। | अगस्त 2025 | 1000 |
| **समालोचनात्मक चिंतन (Critical Thinking)** | **मिडिया लिटरेसी** | **"समाचार विश्लेषण"** | समाचारों की सच्चाई और संदर्भ पर चर्चा करें। **उदाहरण:** "एक समाचार लेख पढ़ें और उसकी सटीकता की जांच करें।" | सितम्बर, 2025 | — |
| **समस्या समाधान (Decision-Making)** | **लचीलापन एवं अनुकूलनशीलता** | **"समस्या समाधान प्रतियोगिता"** | टीमों में मिलकर समाधान खोजें। **उदाहरण:** "पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के उपाय" पर समूह चर्चा करें | सितम्बर, 2025 | — |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 12:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **रचनात्मक चिंतन (Creativity)** | - | **"नवाचार कार्यशाला"** | छात्रों को नए विचारों और प्रोजेक्ट्स पर काम करने के लिए प्रेरित करें। **उदाहरण:** "एक नया मोबाइल ऐप डिजाइन करें जो छात्रों की मदद करे।"<br><br>या<br><br>विद्यार्थियों में इस कौशल के विकास के लिए रुचि अनुसार मॉडल (ड्राइंग, 3 डी मॉडल या प्रोटोटाइप) बनाया जाए - जैसे सोलर स्कूल बैग, बिजली रहित पंखा, स्मार्ट डस्टबिन इत्यादि जिनको सोलर पैनल व सेंसर के द्वारा बनाया जाए और प्रदर्षन के लिए रखा जाये इसके साथ हीइसकी तैयारी के लिए उन्हें वितीय सहायता दी जाये। | अक्टूबर 2025 | 2000 |
| **जुझारूपन (Resilience/ Coping with Stress)** | **लचीलापन एवं अनुकूलनशीलता** | **"परिस्थिति बदली, योजना बदली"** | गतिविधि में छात्रों को एक समूह कार्य दिया जाये- जैसे एक पोस्टर बनाना, एक कहानी प्रस्तुत करना या एक समस्या का हल निकालना। लेकिन कार्य के बीच में शिक्षक स्थिति में बदलाव की घोषणा करें -जैसे कि समय सीमा कम कर देना, टीम के एक सदस्य को अस्थायी रूप से हटा देना, या दिए गए संसाधनों को बदल देना।<br><br>छात्रों को इन बदली हुई परिस्थितियों में कार्य को नए तरीके से पूरा करना होगा।<br><br>कार्य के बाद छात्र Reflect करेंगे कि उन्होंने क्या महसूस किया, कैसे उन्होंने योजना बदली, और क्या सीखा। | अक्टूबर 2025 | 1000 |
| **नेतृत्व कौशल (Leadership Skills)** | - | **"टीम लीडरशिप कार्यशाला"** | छात्रों को नेतृत्व करने और निर्णय लेने का अवसर दें। **उदाहरण:** "एक टीम का नेतृत्व | नवम्बर 2025 | 1000 |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | करें और प्रोजेक्ट को पूरा करें।"<br>या<br>"Foot and hand hopscotch" एक प्रकार का गतिशील खेल (movement & based game) है जो पारंपरिक hopscotch (पारंपरिक 'सतोलिया' या 'अक्कड़-बक्कड़' जैसा खेल) का एक आधुनिक और शारीरिक गतिविधि से भरपूर संस्करण है।<br>इस खेल में जमीन पर हाथ और पैरों के चिन्ह बनाए जाए (जैसे दाएँ हाथ, बाएँ पैर आदि), और बच्चों को क्रम से उन पर अपने हाथों और पैरों को रखते हुए आगे बढ़ना होगा। इस प्रकार के खेलों से विद्यार्थियों मे शारीरिक संतुलन, समन्वय एवं सजगता का विकास होगा । | | |
| **नागरिकता कौशल (Citizenship Skills)** | - | **"सामाजिक सेवा अभियान"** | छात्रों को समाज सेवा गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। **उदाहरण:** "स्थानीय स्तर पर वृक्षारोपण अभियान या प्लास्टिक मुक्त अभियान में भाग लें।"या<br>इस गतिविधि में छात्रों को एक दैनिक जीवन से जुडी समस्या दी जाए जैसे स्कूल में प्लास्टिक कचरा बढ़ रहा है इस गतिविधि मे छात्रों को छोटे-छोटे समूहों में बाँटा जाए और प्रत्येक समूह को समस्या का विश्लेषण कर उसके संभावित कारणों की पहचान व समाधान को किसी पोस्टर, कार्ड शीट पर लिख इसे प्रतियोगिता के रूप मे करवाया जाए - आवश्यक सामग्री की उपलब्धता विद्यालय द्वारा सुनिश्चित की जाए। | दिसम्बर 2025 | 1000 |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **नैतिक मूल्य** (Ethical Values) | - | **"नैतिक दुविधा चर्चा"** | छात्रों को नैतिक मुद्दों पर चर्चा करने और समाधान सुझाने के लिए प्रेरित करें। **उदाहरण:** "क्या परीक्षा में नकल करना सही है?" इस पर चर्चा करें। | दिसम्बर 2025 | — |

**2. काम/कार्य/रोजगार हेतु कौशल** (Skill for Work)

| **कौशल** | **उप-कौशल** | **गतिविधि** | **गतिविधि विवरण** | **गतिविधि आयोजन माह** | **वित्तीय प्रावधान** |
|---|---|---|---|---|---|
| **वित्तीय साक्षरता** (Financial Literacy) | प्रौद्योगिकी साक्षरता (Technology Literacy) | **"बजट बनाओ"** | छात्रों को व्यक्तिगत वित्त और बजट प्रबंधन सिखाएँ। **उदाहरण:** छात्रों को एक काल्पनिक मासिक आय दी जाएगी और उन्हें अपने खर्चों की योजना बनाने के लिए कहा जाएगा।<br><br>इस गतिविधि में विद्यार्थी कक्षा के अन्दर एक डैमो स्टोर बनायेगे यह गतिविधि विद्यार्थियों को वस्तु की कीमत एवं वस्तु के मूल्य को समझने में मदद करेगी। वह स्टोर के माध्यम से वस्तुओं के मूल्य का निर्धारण उसका लेनदेन एवं प्रबंधन सीख सकेंगे। गतिविधि अन्तर्गत विद्यालय की आवश्यक वस्तुओं का क्रय विद्यार्थियों के समक्ष कर उन्हें विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए। | जुलाई 2025 | 1000 |
| **डिजिटल साक्षरता** (Digital Literacy) | - | **"साइबर सुरक्षा कार्यशाला या स्मार्ट सर्फर बनो"** | छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कौशल सिखाएँ। **उदाहरण:** इस गतिविधि में छात्रों को इंटरनेट का सुरक्षित और प्रभावी उपयोग करना सिखाया जा सकता है -<br><br>उन्हें एक आसान विषय दिया जाए जैसे "स्वच्छ भारत अभियान" या "पर्यावरण | जुलाई 2025 | 1000 |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation: State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | संरक्षण" और उनसे कहा जाएगा कि वे ऑनलाइन जानकारी खोजें, उसे समझें, और एक छोटा डिजिटल प्रस्तुतीकरण बनाएं।<br><br>छात्रों को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन्हें सुरक्षित पासवर्ड बनाने और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके सिखाए जाएँगे। | | |

**3. सतत विकास हेतु कौशल (**Skill for Sustainable Development)

| कौशल | उप-कौशल | गतिविधि | गतिविधि विवरण | गतिविधि आयोजन माह | वित्तीय प्रावधान |
|---|---|---|---|---|---|
| **जलवायु परिवर्तन (Climate Change)** | **सूचना साक्षरता** (Information Literacy) | **"पर्यावरण संरक्षण अभियान"** | छात्रों को जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर काम करने के लिए प्रेरित करें। **उदाहरण:** छात्रों को स्थानीय स्तर पर वृक्षारोपण अभियान, प्लास्टिक मुक्त अभियान, या जल संरक्षण गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।<br><br>और यह भी करे<br><br>**गतिविधि 1**<br>शिक्षक विधार्थियों से कहें की क्या आपको पता है कि आपके विद्यालय में कितनी ऑक्सीजन की आवश्यकता है?इसके लिए निम्न जानकारी संग्रहित करने हेतु कहें-<br>• इसके लिए, पहले विद्यालय में कुल बच्चों की संख्या जानें।<br>• यदि विद्यालय में | अक्टूबर 2025 | 2000 |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | आंगनवाड़ी भी है तो उसे भी गणना में शामिल करें।<br>• एक व्यक्ति द्वारा प्रति मिनट 0.5 लीटर (आधा लीटर) ऑक्सीजन ली जाती है, इसका मतलब प्रति घंटा 30 लीटर ऑक्सीजन।[1]<br>• चूंकि विद्यालय का समय लगभग 6-7 घंटे है, इसलिए विद्यालय समय के दौरान विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी, शिक्षक, या वहाँ कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 180 लीटर ऑक्सीजन की जरूरत होती है।<br><br>**गणना करें:**<br>विद्यालय में व्यक्तियों (शिक्षक, विद्यार्थी, एवं अन्य) कुल संख्या × 180 लीटर = ________ लीटर<br>यह सोचिए की आपके विद्यालय में ______________ लीटर ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। तो उतनी ऑक्सीजन का उत्पादन होनी चाहिए। अगर आपको जानना है कि आपके विद्यालय में कितनी ऑक्सीजन का उत्पादन होता है तो गतिविधि 2 को देखे।<br>**विद्यार्थी अब स्वयं करें :**<br>आपको पूरे दिन के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता का अनुमान लगाना है, यानी प्रति | | |

1

Signature valid
Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 17:18:35 IST
Reason: Approved

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | व्यक्ति पूरे 24 घंटे में कितनी ऑक्सीजन की आवश्यकता है?<br>• अब तो आप जान गए है की प्रति व्यक्ति ऑक्सीजन की आवश्यकता की गणना कैसे की जाती है।<br>• आप यह जानें कि आपके गांव में कितनी ऑक्सीजन की जरूरत है।<br>• दोनों कार्य करें और विद्यालय में बतायें/ चर्चा करें/ पोस्टर बना कर विद्यालय में लगाएँ या प्रार्थना सत्र में इससे प्रस्तुत करें।<br>(इस हेतु पी.एम.श्री विद्यालयों में उपलब्ध जलवायु परिवर्तन की छात्र पुस्तिका से गतिविधिया की जा सकती है )\| | | |

## बजट प्रावधान

| Major Component | Sub Component | Activity Master Details | Physical | Unit Cost (In Lakhs) | Financial (In Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|
| Curriculum, Pedagogy and Assessment | Project Innovation | 21st Century Learning and Information Skills | 639 | 0.50 | 319.50 |
| | | **Total** | | | **319.50** |

नोट · उक्त गतिविधि के क्रियान्वयन हेतु जिलों को प्रपत्र **-3** के अनुसार राशि जारी की जायेगी।

## बजट विवरण

| Activity | Physical | Unit cost (Rs. in lakh) | Fin. (Rs. in lakh) |
|---|---|---|---|
| Budget for the school-level activity | 639 | 0.20 | 127.80 |
| Budget for the block-level activity | 378 | 0.25 | 94.50 |
| Budget for the district-level activity | 41 | 0.75 | 30.75 |
| Budget for the State-level activity | 1 | 66.45 | 66.45 |
| | | | **319.50** |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

शैक्षिक सत्र के दौरान उपरोक्त गतिविधियों के निर्धारित माह में आयोजन पश्चातर ाज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं अकादमिक वर्ष 2025-26 में समस्त राजकीय विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों में 21 वीं सदी के कौशलों के विकास हेतु अनुमोदित "प्रबल कार्यक्रम" का सत्र पर्यंत विभिन्न गतिविधियों व चरणों में राज्य में संचालित किया जायेगा। उक्त "**21** वीं सदी के कौशल" गतिविधि अन्तर्गत अनुमोदित 50,000/- रूपये प्रति पीएमश्री विद्यालय राशि विद्यालय, ब्लॉक जिला एवं राज्य स्तरीय गतिविधियों को आयोजित किया जायेंगा | जिसमें ब्लॉक,जिला एवं राज्य स्तर की गतिविधियों का व्यय पी.एम श्री के अनुमोदित बजट के माध्यम से किया जायेंगा | "प्रबल कार्यक्रम" का विस्तृत दिशा निर्देश व SOP व शिक्षक मार्गदर्शिका परिषद् स्तर से प्रथक से जारी किए जायेंगे जिसमें ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर की गतिविधियों का विस्तृत वर्णन है |

## उत्तरदायित्व

### जिला परियोजना कार्यालय के दायित्व-

- जिला स्तर के अधिकारी 21वीं सदी के कौशल के दस्तावेजों का अध्ययन कर अपनी समझ बनाएँ और आवश्यकतानुसार पीईईओ/यूसीईईओ एवं संस्था प्रधानों को सहयोग प्रदान करें।
- जिला स्तर के अधिकारी ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के साथ पीएम श्री की समीक्षा करने के लिए नियमित रूप से बैठक आयोजित करें और पीएम श्री विद्यालयों की प्रगति की समीक्षा करें।
- पीएम श्री अंतर्गत जिला स्तर पर ब्लॉक कार्यालयों एवं चयनित पीएम श्री विद्यालयों के संस्था प्रधानों के साथ मासिक रूप से बैठक आयोजित करें। बैठक आयोजन से पूर्व विद्यालयों का स्वयं अवलोकन/निरीक्षण करें और कार्य योजना अनुसार किये गए कार्यों की समीक्षा करें। बैठक में पीएम श्री विद्यालयों में दिशा निर्देशानुसार गतिविधियों के आयोजन की प्रगति पर बिन्दुवार समीक्षा करें।

### ब्लॉक परियोजना कार्यालय के दायित्व-

- ब्लॉक स्तर के अधिकारी 21वीं सदी के कौशल के दस्तावेजों का अध्ययन कर अपनी समझ बनाएँ और आवश्यकतानुसार पीईईओ/यूसीईईओ एवं संस्था प्रधानों को सहयोग प्रदान करें।
- ब्लॉक स्तर के अधिकारी पीईईओ/यूसीईईओ के साथ नियमित रूप से बैठक आयोजित करें और पीएम श्री विद्यालयों की प्रगति की समीक्षा करें।
- पीएम श्री अंतर्गत चयनित पीएम श्री विद्यालयों के संस्था प्रधानों के साथ मासिक रूप से बैठक आयोजित करें। बैठक आयोजन से पूर्व विद्यालयों का स्वयं अवलोकन/निरीक्षण करें और कार्य योजना अनुसार किये गए कार्यों की समीक्षा करें। बैठक में पीएम श्री विद्यालयों में दिशा निर्देशानुसार गतिविधियों के आयोजन की प्रगति पर बिन्दुवार समीक्षा करें।
- पीएम श्री विद्यालयों के संस्था प्रधानों के साथ विद्यालयों में आ रही समस्याओं पर चर्चा करें और समस्याओं का समाधान करने हेतु आवश्यक सम्बलन प्रदान करें।

### पीईईओ/यूसीईईओ के दायित्व:

- जिन पीईईओ/यूसीईईओ के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय संचालित है वे पीईईओ/यूसीईईओ साप्ताहिक रूप से गतिविधियों के आयोजन की प्रगति के आकलन हेतु विद्यालयों का अवलोकन करें।

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation: State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

- पीईईओ/यूसीईईओ पीएम श्री विद्यालय के संस्था प्रधानों और शिक्षकों के साथ नियमित रूप से बैठक करें और गतिविधियों के आयोजन की समीक्षा करें।

**पीएमश्री विद्यालय के संस्था प्रधान के दायित्व :**

- संस्था प्रधान द्वारा 21वीं सदी के कौशलों को विकसित करने के लिए विद्यालय स्तर पर वातावरण का निर्माण करें।
- शिक्षकों के साथ समय-समय पर आयोजित करने वाली गतिविधियों की योजना निर्माण एवं सफल संचालन हेतु वार्ता करें एवं समीक्षा करें।
- गतिविधियों के संचालन हेतु विद्यालय में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता करवाएँ और उनका उपयोग सुनिश्चित करें।
- एक दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन में परिक्षेत्र के विद्यालयों के साथ समन्वय कर प्रभावी कार्यक्रम का आयोजन करें।
- एक दिवसीय कार्यक्रम एवं माहवार गतिविधियों के आयोजन हेतु आवश्यक सामग्री, पुरस्कार, अल्पाहार की व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- सत्रों का टाइम-टेबल तैयार करना । अपेक्षा है कि एक कक्षा के साथ एक सप्ताह में दो दिन जीवन कौशल गतिविधियों का आयोजन हो ।
- विद्यालय स्तर पर सभी गतिविधियों का आयोजन निश्चित समयावधि के साथ गुणवत्तापूर्ण हो, सुनिश्चित करना ।
- शिक्षकों से चर्चाकर सत्रों के लिए आवश्यक समय, स्थान एवं संसाधनों की उपलब्धता को समझना।
- शिक्षको के साथ इस कार्यक्रम को लेकर समीक्षात्मक चर्चा करना ।

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

**शिक्षक की भूमिका:**

- कार्यक्रम के तहत सभी 14 थीम /विषयों पर कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के साथ निश्चित समयावधि में सत्रों का आयोजन करें ।
- सत्रों के आयोजन दिशा निर्देश व अन्य सहयोग सामग्री को पढ़कर व्यवस्थित तैयारी करें ।
- जीवन कौशल की गतिविधियों/सत्रों के दौरान सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें ।
- विद्यार्थियों के साथ जीवन कौशलों के सत्र लेने के दौरान दिशा निर्देशों व प्रबल कार्यक्रम में शिक्षक प्रशिक्षण मोड्यूल/हैंडबुक मे दिए गए चरणों का आवश्यक रूप से फ़ॉलो करें ।
- सत्रों के दौरान थीम से संबन्धित विद्यार्थियों को अनुभवों को शेयर करने का अवसर उपलब्ध कराएँ ।
- समस्त गतिविधियों के आयोजन के तुरंत बाद गूगल फॉर्म को आवश्यक रूप से ऑनलाइन भरें।
- सत्रों के फोटोज और वीडियो ( शॉर्ट वीडियो ) पीईईओ को आवश्यक रूप से शेयर करें।
- सभी गतिविधियों के संचालन में गार्गी मंच की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें ।
- ब्लॉक स्तर पर आयोजित गतिविधियों में सहभागिता हेतु लिए विद्यार्थियों का चयन गार्गी मंच के सदस्यों द्वारा करवाया जाना सुनिश्चित करें।
- जीवन कौशल गतिविधियों के पश्चात् विद्यार्थियों को विभिन्न मंच उपलब्ध करवाएँ जहाँ वे अपने अनुभवों को रोचक तरीके से प्रस्तुत कर सकें ।
- सत्रों के दौरान तैयार की गई सामग्री ( चार्ट, पोस्टर, अनुभव लेखन, चित्र ) को विद्यालय में चस्पा करें । ( एक वाल तैयार करें )
- विद्यालय स्तर से कुछ अच्छी केस स्टडी निर्धारित फोर्मेट में विद्यालय में ,शिक्षकों व विद्यार्थियों के सहयोग से लिखा जाना सुनिश्चित करें |
- कक्षा 6 से 8 में मीना राजू मंच व 9 से 12 में गार्गी मंच के सदस्यों को प्रत्येक गतिविधि का प्रतिवेदन लिखने के लिए प्रेरित करना एवं उन्हें समुचित मार्गदर्शन देना ।
- कार्य्रकम के तहत आयोजित शिक्षकप्रशिक्षण/ बैठकों में आवश्यक रूप से भागीदारी दें ।

## मॉनिटरिंग एवं रिपोर्ट संबंधित बिन्दु

- संस्थाप्रधान पूरी प्रक्रिया का प्रतिवेदन, संबंधित दस्तावेज मय फोटो साथ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करें।
- प्रत्येक विद्यालय, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कार्यक्रम के प्रभारी के लिए एक व्यक्ति को नामित किया गया हो।
- प्रत्येक माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मीना राजू मंच एवं गार्गी मंच मंच के गठन किया गया हो |
- प्रत्येक चरण पर अगले चरण के लिए विद्यार्थियों का चयन मीना-राजू मंच एवं गार्गी मंच व सहयोगी साथियों के दल द्वारा तय मानदंडो के अनुसार किया गया हो |
- विद्यालय, ब्लॉक स्तर पर गतिविधि की मॉनिटरिंग राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् एवं डाइट के सक्षम अधिकारियों एवं संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारियों के माध्यम से की जायेगी |
- जिला स्तरीय कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के सक्षम अधिकारियों एवं संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारियों के माध्यम से की जायेगी।

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

- प्रत्येक जिले से दो केस स्टडी (संलग्न प्रपत्र) में जिला अधिकारियों द्वारा राज्य स्तर पर कार्यक्रम के दौरान ही साझा की जायेंगी | इस हेतु प्रत्येक जिले के डाइट से अधिकारियों को चयनित किया जायेगा, जो इस कार्य को पूर्ण कर गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ को साझा करेंगे |
- प्रत्येक जिले से कुछ विद्यार्थियों, अध्यापकों के विडियो टेस्टीमोनियल, लिखित टेस्टीमोनियल व हाई रिजोल्यूशन फोटो (गतिविधि के विवरण के साथ) राज्य स्तर पर कार्क्रम के दौरान साझा की जायेंगी ताकि मीडिया प्रकोष्ठ को साझा की जा सके |
- गतिविधियों की माहवार प्रगति रिपोर्ट ब्लॉक कार्यालय को कार्य समाप्ति के तीन दिवस के अन्दर प्रेषित करें।

## परिशिष्ट

- **जिलेवार आंवटित बजट (प्रपत्र–1)**

**(अनुपमा जोरवाल)**
राज्य परियोजना निदेशक एवं
आयुक्त

**क्रमांकः–रा.स्कू.शि.प./जय/गुणवत्ता/21वीं सदी के कौशल/2025 –26/** 15650065 **दिनांक :** 3/6/2025
**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
3. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
4. निदेशक आरएससीईआरटी, उदयपुर।
5. अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम/द्वितीय समग्र शिक्षा, जयपुर।
6. वित्तीय सलाहकार, रास्कूशिप, जयपुर।
7. उपायुक्त, पीएमश्री, रास्कूशिप, जयपुर।
8. जिला प्रभारी, समस्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
9. प्रोग्रामर, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर को भेजकर लेख है कि दिशा–निर्देश को समग्र शिक्षा की वेबसाईट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
10. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
11. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिले।
12. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
13. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
14. UCEEO/PEEO, समस्त।
15. समस्त प्रधानाचार्य, पीएमश्री विद्यालय।
16. कार्यालय प्रति।

Signature valid
Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

प्रपत्र–1

## 21st CENTURY SKILLS.2025-26

| S.N. | District | Count of PM SHRI | Unit Cost (in Lakhs) | Financial (in Lakhs) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | AJMER | 19 | 0.20 | 3.80 |
| 2 | ALWAR | 16 | 0.20 | 3.20 |
| 3 | BALOTARA | 11 | 0.20 | 2.20 |
| 4 | BANSWARA | 18 | 0.20 | 3.60 |
| 5 | BARAN | 16 | 0.20 | 3.20 |
| 6 | BARMER | 18 | 0.20 | 3.60 |
| 7 | BEAWAR | 12 | 0.20 | 2.40 |
| 8 | BHARATPUR | 15 | 0.20 | 3.00 |
| 9 | BHILWARA | 23 | 0.20 | 4.60 |
| 10 | BIKANER | 17 | 0.20 | 3.40 |
| 11 | BUNDI | 12 | 0.20 | 2.40 |
| 12 | CHITTAURGARH | 17 | 0.20 | 3.40 |
| 13 | CHURU | 16 | 0.20 | 3.20 |
| 14 | DAUSA | 17 | 0.20 | 3.40 |
| 15 | DEEG | 7 | 0.20 | 1.40 |
| 16 | DHAULPUR | 14 | 0.20 | 2.80 |
| 17 | DIDWANA-KUCHAMAN | 15 | 0.20 | 3.00 |
| 18 | DUNGARPUR | 14 | 0.20 | 2.80 |
| 19 | GANGANAGAR | 20 | 0.20 | 4.00 |
| 20 | HANUMANGARH | 16 | 0.20 | 3.20 |
| 21 | JAIPUR | 30 | 0.20 | 6.00 |
| 22 | JAISALMER | 9 | 0.20 | 1.80 |
| 23 | JALOR | 18 | 0.20 | 3.60 |
| 24 | JHALAWAR | 14 | 0.20 | 2.80 |
| 25 | JHUNJHUNU | 21 | 0.20 | 4.20 |
| 26 | JODHPUR | 20 | 0.20 | 4.00 |
| 27 | KARAULI | 14 | 0.20 | 2.80 |
| 28 | KHAIRTHAL-TIJARA | 10 | 0.20 | 2.00 |
| 29 | KOTA | 14 | 0.20 | 2.80 |
| 30 | KOTPUTLI-BEHROR | 9 | 0.20 | 1.80 |
| 31 | NAGAUR | 15 | 0.20 | 3.00 |
| 32 | PALI | 18 | 0.20 | 3.60 |
| 33 | PHALODI | 10 | 0.20 | 2.00 |
| 34 | PRATAPGARH (RAJ.) | 14 | 0.20 | 2.80 |
| 35 | RAJSAMAND | 16 | 0.20 | 3.20 |
| 36 | SALUMBAR | 8 | 0.20 | 1.60 |
| 37 | SAWAI MADHOPUR | 10 | 0.20 | 2.00 |
| 38 | SIKAR | 28 | 0.20 | 5.60 |
| 39 | SIROHI | 10 | 0.20 | 2.00 |
| 40 | TONK | 16 | 0.20 | 3.20 |
| 41 | UDAIPUR | 22 | 0.20 | 4.40 |
| | **TOTAL** | **639** | | **127.80** |

Signature valid

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.06.03 1?:18:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15650065